**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001**

# सूचना/विज्ञप्ति

## *पुरूषों एवं महिलाओं के लिए उप निरीक्षक नागरिक पुलिस तथा पुरूषों के लिए प्लाटून कमाण्डर, पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती-2020-21*

**संख्याःपीआरपीबी- दो-2(3 वि0)/2020** **दिनांकः फरवरी , 2021**

**1.1-** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रेषित अधियाचन पत्र सं0: डीजी-चार-106(100)2018(सी0भ0), दिनांकित: 05/08/2020, पत्र सं0: डीजी-चार-121(10)2016-19(सी0भ0), दिनांकित: 11/01/2021 तथा पत्र सं0: दस-510/19, दिनांकित: 05/02/2021 के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस में **उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर, पीएसी एवं अग्निशमान द्वितीय अधिकारी, वेतनमान-पे बैण्ड-9300-34800 व ग्रेड पे-4200 के क्रमशः 9027, 484 एवं 23 अर्थात कुल-9534 रिक्त पदों,**जिनके श्रेणीवार विवरण निम्नवत है, को भरने के लिए पुरूष/महिला अभ्यर्थियों से (महिला अभ्यर्थी केवल उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद हेतु) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

**(क) उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों का श्रेणी वार विवरण**

| **क्र0सं0** | **श्रेणी** | **संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 3613 |
| 2 | ई0डब्लू0एस0 (10%) | 902 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग (27%) | 2437 |
| 4 | अनुसूचित जाति (21%) | 1895 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति (2%) | 180 |
| | **योग** | **9027** |

**सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष क्षैतिज (HORIZONTAL) आरक्षण का प्रतिशत-**

| **क्र0 सं0** | **समूह** | **आरक्षण का प्रतिशत** | **अद्यावधिक शासनादेश व दिनांक** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 2% | शासनादेश संख्या:18/1/95- का0-2/95, दिनांक:10.05.1995 | 180 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | 5% | शासनादेश संख्या:18/1/95- का-2/टीसी-1999, दिनांक:09.09.1999 | 451 |
| 3 | महिला | 20% | शासनादेश संख्या:18/1/99/का-2/1999, दि0:26.02.1999<br>शासनादेश संख्या:18/1/99/का-2/1999, दिनांक:30.08.1999 | 1805 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | शासनादेश संख्या:18/1/99/का-2/2006, दिनांक:09.01.2007<br>शासनादेश संख्या:39रिट/का-2/2019, दिनांक : 26/06/ 2019<br>**एवं**<br>मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुज्ञा याचिका(सिविल) सं0 23223/2018 सौरव यादव एवं अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे विचारित प्रकीर्ण प्रार्थना-पत्र सं0 2641/2019 तथा रिट याचिका(सी) सं0 237/2020 में प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार क्षैतिज आरक्षण लागू किया जायेगा। | |

**(ख) प्लाटून कमाण्डर, पीएसी**

| क्र0सं0 | श्रेणी | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 194 |
| 2 | ई0डब्लू0एस0 (10%) | 48 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 131 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 101 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 10 |
| **योग** | | **484** |

**सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले उक्त पदों के सापेक्ष क्षैतिज (HORIZONTAL) आरक्षण का प्रतिशत-**

| **क्र0 सं0** | **समूह** | **आरक्षण का प्रतिशत** | **अद्यावधिक शासनादेश व दिनांक** | **पदों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 2% | शासनादेश संख्या:1485/17-वि-1-**(क)**-23- 1999, दिनांक:28.07.1999 | 10 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | 5% | शासनादेश संख्या:18/1/95- का-2/टीसी-1999, दिनांक:09.09.1999 | 24 |

**(ग)अग्निशमन द्वितीय अधिकारी**

| क्र0सं0 | श्रेणी | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 10 |
| 2 | ई0डब्लू0एस0 (10%) | 2 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 6 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 5 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 0 |
| **योग** | | **23** |

- **सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले उक्त पदों के सापेक्ष क्षैतिज (HORIZONTAL) आरक्षण का प्रतिशत-**

| क्र0 सं0 | समूह | आरक्षण का प्रतिशत | अद्यावधिक शासनादेश व दिनांक | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 2% | शासनादेश संख्या:18/1/95- का0-2/95, दिनांक:10.05.1995 | 00 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | 5% | शासनादेश संख्या:18/1/95- का-2/टीसी-1999, दिनांक:09.09.1999 | 01 |

**1.2-** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए 02 प्रतिशत तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिये 05 प्रतिशत तथा महिला अभ्यर्थियों को 20 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर जारी शासनादेशों / अद्यतन शासनादेश उ0प्र0 शासन के कार्मिक अनुभाग-2 के आदेश सं0 39रिट/का-2/2019, दिनांक:26/06/2019 में दी गयी व्यवस्था एवं **इस सम्बन्ध में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुज्ञा याचिका(सिविल) सं0 23223/2018 सौरव यादव एवं अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे विचारित प्रकीर्ण प्रार्थना-पत्र सं0 2641/2019 तथा रिट याचिका(सी) सं0 237/2020 में प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार क्षैतिज आरक्षण लागू किया जायेगा।** महिलायें केवल उपनिरीक्षक, ना0पु0 के पद हेतु ही आवेदन कर सकती हैं ।

**1.3-** प्रथम परीक्षा के पूर्व किसी भी समय रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है तथा यह भर्ती किसी भी समय या भर्ती के किसी स्तर पर बिना कोई कारण बताये निरस्त की जा सकती है।

**1.4-** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमाण्डर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर चयन अभ्यर्थी के लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंको के श्रेष्ठताक्रम एवं उसके आवेदन पत्र में अंकित प्रथम, द्वितीय, तृतीय वरीयता क्रम (Order of Preference) के आधार पर किया जायेगा।

**2.1-** ऑनलाइन आवेदन की समय सारिणी-

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 01-04-2021 |
| 2 | आवेदन शुल्क जमा करने एवं आवेदन पत्र सबमिट करने की अन्तिम तिथि | 30-04-2021<br>रात्रि 12 बजे तक |

**2.2-** आवेदन शुल्क

इस भर्ती प्रक्रिया के लिए सभी अभ्यर्थियों हेतु आवेदन शुल्क रू0-400/-(रूपये चार सौ मात्र) निर्धारित किया गया है।

**3- अर्हतायें:-**

**3.1-राष्ट्रीयता**

भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थीः-

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पहली जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी निवास के अभिप्राय से पाकिस्तान, म्यॉमार, श्रीलंका या किसी पूर्व अफ्रीकी देश केनिया, यूगांडा और यूनाईटेड रिपब्लिकऑफ तन्जानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जांजीबार) से प्रवजन किया हो।

